रोल नं. ................ **NLCS/09/ हिन्दी /104**

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2024–2025

**समय अवधि 3 घंटे** **पूर्णांक 80**

खंड – क

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7

टैगोर ने शांतिनिकेतन की स्थापना पुरातन गुरु-शिष्य परंपरा तथा ऋषि-आश्रमों की परंपरा के आधार पर की थी। वह नहीं चाहते थे कि विद्यार्थी चार दिवारी में बंद हो जाए और एक नकली वातावरण में पढ़ाई करें। बचपन से ही वह स्कूल को एक कारखाने की भाँति समझते थे। जहाँ भोंपू बजा कारीगर अंदर गए और मशीनें चलनी आरंभ हो गई। दोपहर को भोंपू बजा मशीनें रुक गई। सब बाहर आ गए। यह प्रणाली उन्हें प्राणहीन लगती थी। शांतिनिकेतन एक ऐसे आलोक स्तंभ की भांति है जिसके प्रकाश में अनेक प्रसिद्ध लेखकों, राजनीतिज्ञों, कवियों, कलाकारों आदि का छात्र जीवन सुप्रकाशित हुआ है। आजकल शांति निकेतन 'विश्व भारती विश्वविद्यालय' के नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ आकर धर्म, जाति, प्रांतीयता, राष्ट्रीयता आदि के संकुचित घेरे समाप्त हो जाते है। यह स्थान तीर्थस्थल प्रयाग की भाँति है, जहाँ स्नेह, बंधुत्व और शिक्षा का मिलन होता है। यह स्थल कला की साधना के लिए तपोवन है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न : 1×3=3

1. टैगोर ने नकली वातावरण में पढ़ाई को क्या कहा ?
   (क) आलोक स्थल (ख) मशीनीकरण (ग) तीर्थ स्थल (घ) तपोवन
2. शांतिनिकेतन की स्थापना किस आधार पर की गई ?
   (क) गुरु शिष्य परंपरा (ख) ऋषि आश्रम की परंपरा (ग) तीर्थ स्थल प्रयाग की परंपरा (घ) उपरोक्त सभी
3. 'तपोवन' का समास विग्रह होगा –
   (क) तप का वन (ख) तप के लिए वन (ग) तप में वन (घ) तप से वन

लघूत्तरात्मक प्रश्न : 2×2=4

4. शांतिनिकेतन ने किन के जीवन को प्रकाशित किया?
5. शांति निकेतन का नाम बदलकर विश्व भारती विश्वविद्यालय क्यों किया गया?

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 7

हम पंछीं उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक तीलियों से टकराकर,
पुलकित पंख टूट जाएँगे।
हम बहता जल पीने वाले,
मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी,
कनक कटोरी की मैदा से।
स्वर्ण-श्रृंखला के बंधन में,
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं,
तरु की फुनगी पर के झूले।
ऐसे थे अरमान कि उड़ते,
नीलगगन की सीमा पाने
लाल किरण-सी चोंच खोल,

चुगते तारक-अनार के दाने।
होती सीमाहीन क्षितिज से,
इन पंखों की होड़ा-होड़ी,
या तो क्षितिज मिलन बन जाता,
या तनती साँसों की डोरी।
नीड़ न दो, चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न भिन्न कर डालो
लेकिन पंख दिए हैं तो,
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न : 1×3=3

1. पक्षियों को कड़वी निबौरी किसकी अपेक्षा अधिक पसंद है ?
   (क) व्यंजनों की भरी कटोरी (ख) तारक अनार के दाने (ग) बहता हुआ पानी (घ) उपरोक्त सभी
2. पक्षियों के पास पंख है तो वह क्या चाहते हैं ?
   (क) फुनगी पर झूलना (ख) नील गगन से क्षितिज तक उड़ना (ग) उड़ान में बाधा नहीं डालना (घ) उपरोक्त सभी
3. 'पुलकित' शब्द में प्रत्यय है –
   (क) इत (ख) कत (ग) पुलक (घ) त

लघूत्तरात्मक प्रश्न. 2×2=4

4. पक्षी कैसा जीवन व्यतीत करना चाहते हैं?
5. पक्षी मनुष्य से क्या अपेक्षा करते हैं?

## <u>खंड – ख</u> ( व्यावहारिक व्याकरण )

प्र.3 व्यावहारिक व्याकरण आधारित प्रश्न निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4

1. दिए गए शब्द की रचना किस उपसर्ग से हुई है ? स्वावलंबन
2. दिए गए उपसर्ग से एक शब्द बनाइए। ला
3. दिए गए शब्द की रचना किस प्रत्यय से हुई है? मनुष्यत्व
4. दिए गए प्रत्यय से एक शब्द बनाइए। हारा

प्र.4 निम्नलिखित समास पदों का विग्रह कर प्रकार भी बताइए। 3

घुड़सवार, गिरिधर, चौराहा

प्र.5 (क)अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए। 2

1. वह माँ से मिलने गई।
2. चलो, भोजन करो ।

(ख)निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : 2

1. धरती पर वृक्ष नहीं रहे। (संकेत वाचक )
2. आप सभी सफलता प्राप्त करें। (इच्छा वाचक)

प्र.6 निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार बताइए : 4

1. मुदित महिपति मंदिर आए सेवक सचिव सुमंत बुलाए।
2. मधुर मधुर मुस्कान मनोहर मधुर मनुज देश का उजियारा।
3. जा तन की झाँई परे श्याम हरित दुति होय।
4. यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

## **खंड – ग** ( क्षितिज एवं कृतिका पर आधारित प्रश्न )

प्र.7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्पों में से ढूंढ कर लिखिए – 1×5=5

डाँड़े तिब्बत में सबसे खतरे की जगहें हैं। सोलह-सत्रह हजार फीट की ऊँचाई होने के कारण उनके दोनों तरफ मीलों तक कोई गाँव-गिराँव नहीं होते। नदियों के मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमी को देखा नहीं जा सकता। डाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है। तिब्बत में गाँव में आकर खून हो जाए, तब तो खूनी को सजा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता। सरकार खुफिया-विभाग और पुलिस पर उतना खर्च नहीं करती और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहले आदमी को मार डालते हैं, उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं। हथियार का कानून न रहने के कारण यहाँ लाठी की तरह लोग पिस्तौल-बंदूक लिए फिरते हैं।

(i) तिब्बत में 'डाँड़े' किसे कहा गया?
(क) सबसे ऊँची पहाड़ी को (ख) पहाड़ों की नुकीली चोटियों को
(ग) पहाड़ों के सीमांत स्थलों को (घ) पहाड़ पर खुले स्थानों को

(ii) ये खतरनाक क्यों हैं?
(क) यहाँ से गिरने का डर होता है। (ख) यहाँ डाकू सुरक्षित रहते हैं।
(ग) यहाँ आसानी से डाकुओं को पकड़ा जाता है। (घ) यहाँ कोई दिखाई नहीं देता।

(iii) यहाँ खूनी को सजा क्यों नहीं मिलती ?
(क) कोई गवाह नहीं मिलता। (ख) सरकार पुलिस का प्रबंध नहीं करती।
(ग) सरकार खुफिया विभाग पर अधिक खर्च नहीं करती। (घ) उपर्युक्त सभी ।

(iv) डाकू लूट से पहले सामने वाले को जान से क्यों मार डालते हैं?
(क) जनसंख्या कम करने के लिए (ख) अपनी सुरक्षा के लिए
(ग) अपना प्रभाव दिखाने के लिए (घ) अपनी संतुष्टि के लिए

(v) यहाँ के लोग लाठी की जगह पिस्तौल-बंदूक आदि क्यों रखते हैं?
(क) जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए (ख) डाकुओं को मारने के लिए
(ग) हथियार-कानून न होने के कारण (घ) लोगों को लूटने के लिए

प्र.8 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 1×5=5

क्या? देख न सकती जंजीरों का गहना ?
हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान!
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूँआ ।
दिन में करुणा क्यों जगे, रुलानेवाली,
इसलिए रात में गजब ढा रही आली?
इस शांत समय अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो?
कोकिल बोलो तो !
चुपचाप, मधुर विद्रोह-बीज इस भाँति बो रही क्यों हो?
कोकिल बोलो तो !

(i) कवि का कैदी जीवन किस प्रकार का था?
(क) सुखों से भरा (ख) मस्ती भरा (ग) चैन से (घ)जानवर जैसा

(ii) कवि को किस कारण जेल में जाना पड़ा?
(क) उन्होंने झूठ बोला था। (ख) उन्होंने स्वतंत्रता-आंदोलन में हिस्सा लिया था।
(ग) उन्होंने ब्रिटिश सरकार की बात नहीं मानी थी। (घ) उन्होंने अपने साथियों से झगड़ा किया था।

(iii) हथकड़ियों को 'गहना' क्यों कहा गया है?
(क) हथकड़ियाँ सुंदरता को बढ़ाती हैं। (ख) कैदी भाग नहीं सकते। (ग) ये भारी होती हैं।
(घ) ये स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का प्रतीक हैं।

(iv) कोयल दिन में न कूक कर रात को क्यों कूक रही है?

(क) वह सबकी नींद खराब करना चाहती है। (ख) वह सबको मीठी नींद सुलाना चाहती है।

(ग) वह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़काना चाहती है। (घ) वह सदा मनमानी करती है।

(v) कवि को रात के समय कोयल का बोलना कैसा लग रहा है?

(क) अच्छा लग रहा है।

(ख) जैसे वह देश के प्रति उदासीन लोगों को जगाने का कार्य कर रही हो।

(ग) लोगों का मनोरंजन कर रही हो।

(घ) लोगों का साथ दे रही हो द्य

प्र.9 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 30- 40 शब्दों में लिखिए। 2×3=6

1. किसान का जीवन पशुओं पर निर्भर होता है दो बैलों की कथा पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए –
2. दो बैलों की कथा कहानी के माध्यम से प्रेमचंद का क्या संदेश था?
3. विदेशों में अंतिम संस्कार और अनंत विश्राम के लिए उत्पादक किस प्रकार की व्यवस्था करने का भरोसा दिलाते हैं?
4. गांधी जी ने उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रभाव को बढ़ते हुए देखकर क्या कहा था?

प्र.10 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दीजिए- 2×3=6

1. गोपी श्रीकृष्ण का रूप श्रृंगार किस तरह धारण करना चाहती है ?
2. कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए गए प्रयास सभी व्यर्थ क्यों चले गए?
3. ''घर जाने की चाह है घेरे।'' पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए –
4. कबीर ने स्वान रूप किसे कहा है और क्यों ?

प्र.11 निम्नलिखित किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए- 4×2=8

1. बाढ़ तथा अकाल जैसी परिस्थितियों पैदा ना हो इसके लिए आप क्या सुझाव दे सकते है?
2. स्काउट स्वयंसेवक के द्वारा किस प्रकार की सेवाएँ की जाती है पाठ के आधार पर लेखक के द्वारा की गई सेवाओं का उल्लेख कीजिए।
3. रात्रि में 2:30 बजे तक पानी लेखक के घर तक नहीं आया तो लेखक ने क्या-क्या अनुमान लगाया ?

<u>**खंड - घ**</u> ( लेखन )

प्र.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – 6

**प्लास्टिक कैरी बैग्स : असाध्य रोगवर्धक**

संकेत बिंदु – * प्लास्टिक थैलियों से पर्यावरण प्रदूषण * प्लास्टिक कचरे का प्रसार * प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबन्ध * प्लास्टिक थैलियों का विकल्प 5.उपसंहार।

अथवा

**विद्यार्थी जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व**

संकेत बिंदु – * प्रस्तावना *नैतिक शिक्षा का स्वरूप *नैतिक शिक्षा का समायोजन * नैतिक शिक्षा की उपयोगिता * उपसंहार

प्र.13 आपके घर के सामने एक सुंदर बगीचा है, जो पिछले कई दिनों से असामाजिक तत्वों का डेरा बना हुआ है। वहाँ की गतिविधियों से मोहल्ले के निवासी परेशान है। इस समस्या के बारे में क्षेत्र के थाना अधिकारी को अवगत करवाते हुए पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपका नाम रजत / राजवी जयपुर निवासी हैं। बीकानेर के निवासी अपने पिताजी को अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में पूरी जानकारी देते हुए पत्र लिखिए।

प्र.14 मेहनत का फल मीठा होता है इस विषय पर एक लगभग 100 शब्दों में कहानी लिखिए। 5

अथवा

विद्यालय में खेल उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु प्रधानाध्यापक जी को ईमेल कीजिए।

प्र.15 गृहणी तथा सब्जी वाले के बीच हुए वार्तालाप को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। 4

अथवा

विद्यालय में होने वाली निबंध प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में सूचना लेखन कीजिए।

*****